सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 26 | इंदौर, गुरुवार 07 अगस्त, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## 'व्यक्तिगत कीमत चुकाने को भी तैयार'

### US से तनाव के बीच किसानों के हितों पर बोले पीएम



नई दिल्ली, (एजेंसी) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि भारत अपने किसानों, मछुआरों और डेयरी किसानों के हितों से कभी समझौता नहीं करेगा। उन्होंने यह भी कहा कि अगर इन हितों की रक्षा के लिए उन्हें व्यक्तिगत रूप से कोई कीमत चुकानी पड़ी, तो वे इसके लिए तैयार हैं। पीएम मोदी ने ये बात मशहूर कृषि वैज्ञानिक डॉ. एम. एस. स्वामीनाथन की जन्म शताब्दी पर आयोजित तीन दिवसीय वैश्विक सम्मेलन के उद्घाटन समारोह में कही।

### ◆ हमारे लिए किसानों का हित सर्वोपरि- पीएम

प्रधानमंत्री ने कहा, 'हमारे लिए अपने किसानों का हित सर्वोच्च प्राथमिकता है। भारत अपने किसानों, पशु पालकों और मछुआरे भाई-बहनों के हितों के साथ कभी भी समझौता नहीं करेगा। मैं जानता हूं कि व्यक्तिगत रूप से मुझे बहुत बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी। लेकिन मैं इसके लिए तैयार हूं। मेरे देश के मछुआरों के लिए, मेरे देश के पशु पालकों के लिए आज भारत तैयार है।'

### ◆ अमेरिका ने भारत पर 50 फीसदी टैरिफ लगाया

अमेरिका से बढ़ते व्यापारिक तनाव के बीच पीएम मोदी का ये बयान यह दर्शाता है कि भारत अपने और अपने नागरिकों की हित की रक्षा के लिए कड़े फैसले उठा सकता है। बता दें कि अमेरिका की तरफ से भारी टैरिफ (7 अगस्त से 25 फीसदी लागू हो गया है, अतिरिक्त 25 फीसदी 27 अगस्त से लागू होगा) लगाए जाने को भारत ने अनुचित बताया है और कहा है कि इससे भारतीय किसानों को नुकसान पहुंचेगा। ऐसे माहौल में पीएम मोदी का यह बयान किसानों के हितों को लेकर सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

### प्रदेश के सबसे बड़े वाटर पार्क का सीएम ने वर्चुअल उद्घाटन किया

# इंदौर में 220 करोड़ में बना 'इमेजिका एक्वा'



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मनुष्य का जल से गहरा संबंध है। पृथ्वी की उत्पत्ति से ही जीव जंतु और मनुष्य जल के साथ जीवन व्यतीत करते हैं। स्नान से भी वही सुख मिलता है, जो माता-पिता के सानिध्य से प्राप्त होता है। हताशा और निराशा या कष्ट की स्थिति में मनुष्य के दु:ख जल के संपर्क से दूर हो जाते हैं। आज वाटर पार्क न केवल मनोरंजन का माध्यम है, अपितु फिटनेस और स्वास्थ्य की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। यह लोगों को उमंग और ऊर्जा से भर देता है।

मुख्यमंत्री ने इंदौर में 220 करोड़ रुपये की लागत से 25 एकड़ क्षेत्र में निर्मित प्रदेश के सबसे बड़े वाटर पार्क 'इमेजिका एक्वा' का बुधवार को वर्चुअल उद्घाटन किया। इस अवसर पर मंत्री तुलसीराम सिलावट, पूर्व मंत्री उषा ठाकुर और ओमप्रकाश सकलेचा आदि उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इंदौर स्वच्छता की राजधानी है। इंदौर में यह वृहद् वाटर पार्क बदलते दौर में अनुपम उपहार होगा। इंदौर अद्वितीय और आदर्श नगर है। वॉटर पार्क यहां की नई पहचान बनेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वॉटर पार्क प्रारंभ करने के लिए मालपानी समूह को बधाई दी। राजेश, संजय और मालपानी समूह के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव का कार्यक्रम में भागीदारी के लिए आभार व्यक्त किया।

### विधानसभा का मानसून सत्र संपन्न, सीएम डॉ. यादव ने कहा-

## 'जनकल्याण और निवेश को मिले नई दिशा'

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मध्य प्रदेश विधानसभा का मानसून सत्र बुधवार को आठ विधेयक को पारित कर संपन्न हो गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सत्र की समाप्ति पर कहा कि लोकतंत्र में पक्ष और विपक्ष दोनों की भूमिका अहम होती है। उन्होंने कहा कि यह सत्र आखिरी क्षण तक सार्थक और प्रभावशाली रहा, जिसमें सरकार ने कई अहम विधेयकों पर चर्चा करते हुए उन्हें पारित करवाया। मुख्यमंत्री ने विधानसभा अध्यक्ष, नेता प्रतिपक्ष, संसदीय कार्यमंत्री, सभी मंत्रियों और समस्त विधायकों को धन्यवाद दिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमने इस मानसून सत्र में जो तय किया था, वह बेहतर ढंग से पूरा हुआ। जनकल्याणकारी बजट को मंजूरी दी गई और राज्य के सभी क्षेत्रों में निवेश को बढ़ावा देने की दिशा में ठोस कदम उठाए गए हैं। हमारी सरकार निवेशकों को आमंत्रित कर रही है ताकि प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाई दी जा सके। सत्र के समापन अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने अपने उद्बोधन में इस सत्र को सफल और सारगर्भित बताया। उन्होंने कहा कि इस सत्र में कुल 8 बैठकें आयोजित की गईं, जिनमें विधायी, वित्तीय और लोकमहत्व के कई कार्य पूरे किए गए। कांग्रेस विधायक महेश परमार और पंकज उपाध्याय ने किसानों पर बिजली विभाग द्वारा की जा रही ''जबरन वसूली'' और ''भारी ब्याज दर'' का मुद्दा उठाया। विधायक परमार ने कहा कि किसानों को गलत तरीके से बिजली चोरी का दोषी ठहराया जा रहा है और मोटर की क्षमता बढ़ाकर बिल थोपे जा रहे हैं। उन्होंने मांग की कि लोक अदालत में छूट का प्रतिशत 30 से बढ़ाकर 50% किया जाए। स्मार्ट मीटर लगाने का विरोध करते हुए उन्होंने कहा कि नए मीटर से बिल में 10 गुना बढ़ोतरी हो रही है। विधायक पंकज उपाध्याय ने कहा कि किसानों को 8-10 घंटे की बजाय सिर्फ 1-2 घंटे बिजली मिल रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि बिजली कंपनी ईस्ट इंडिया कंपनी की तरह काम कर रही है और किसानों से 16% ब्याज वसूला जा रहा है, जबकि उद्योगपतियों के करोड़ों रुपये माफ कर दिए जाते हैं।

### ग्रीन मोबिलिटी को बढ़ावा देने में प्रदेश में अग्रणी है एआईसीटीएसएल

# इंदौर को 50 इलेक्ट्रिक बसों की जल्द मिलेगी सौगात

### ◆ एआईसीटीएसएल इंदौर की कार्यकारिणी बोर्ड की बैठक सम्पन्न

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)




**इंदौर।** बुधवार को अटल इंदौर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेस लिमिटेड, इंदौर की बोर्ड बैठक, बोर्ड अध्यक्ष एवं महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बताया गया कि ग्रीन मोबिलिटी को बढ़ावा देने के लिए इलेक्ट्रिक बसों की संख्या इसी माह से प्रारम्भ होगी। इंदौर शहर को 50 इलेक्ट्रिक बसों की सौगात मिलेगी। इन बसों के संचालन हेतु आई एस बी टी नायता मुंडला एवं देवास नाका दो इलेक्ट्रिक बस डिपो के निर्माण की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। बैठक में एआईसीटीएसएल बोर्ड के उपाध्यक्ष एवं संभागायुक्त श्री दीपक सिंह, निदेशक एवं कलेक्टर श्री आशीष सिंह, प्रबंध निदेशक एवं निगमायुक्त श्री शिवम वर्मा, निदेशक एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी आई डी ए श्री रामप्रकाश अहिरवार तथा ए आई सी टी एस एल के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री दिव्यांक सिंह एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### इंटरसिटी 26 इलेक्ट्रिक बसों का संचालन जल्द प्रारंभ होगा

जल्द ही इंदौर से उज्जैन, इंदौर से भोपाल, इंदौर से खरगोन, इंदौर से सेंधवा, इंदौर से खंडवा, इंदौर से बुरहानपुर, इंदौर से रतलाम, इंदौर से धार - मांडव, इंदौर से महेश्वर सर्वसुविधायुक्त इलेक्ट्रिक बसों का संचालन प्रारंभ होगा। इस हेतु निविदा प्रक्रिया पूर्ण की जा चुकी है। इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को बढ़ावा दिए जाने हेतु आगामी आने वाली बसों हेतु ऑपर्च्युनिटी चार्जिंग स्टेशन का निर्माण पी पी पी मॉडल पर किया जाएगा। नए इंटरसिटी मार्गों पर ए सी लग्जरी बसों का संचालन किया जाएगा। यात्रियों की मांग के आधार पर पूर्व में की गई निविदा प्रक्रिया पूर्ण होने से जल्द ही इंदौर से कोटा, इंदौर से मंदसौर होकर नीमच, इंदौर से जीरापुर, इंदौर से सोयत कला हेतु ए सी बसों का संचालन प्रारंभ होगा।

इंदौर से राजकोट (वाया सूरत), इंदौर से रायपुर (वाया नागपुर), इंदौर से जयपुर, इंदौर से ग्वालियर, इंदौर से कानपुर (वाया झांसी), इंदौर से अहमदाबाद, इंदौर से उदयपुर, इंदौर से पुणे, इंदौर से मुंबई, इंदौर से अयोध्या, इंदौर से वाराणसी, इंदौर से नई दिल्ली, इंदौर से दमोह, इंदौर से बांसवाड़ा, इंदौर से भूसावल, इंदौर से शहडोल मार्गों पर पुनः निविदा आमंत्रित की जाएगी।

### घरेलू गैस सिलेंडरों के व्यावसायिक उपयोग पर खाद्य विभाग की प्रभावी छापामार कार्रवाई

# खाद्य विभाग के अमले द्वारा 48 गैस सिलेंडर एवं संबंधित उपकरण जब्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। कलेक्टर श्री आशीष सिंह के निर्देश पर खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा घरेलू गैस सिलेंडरों के व्यावसायिक उपयोग, अवैध भंडारण एवं रिफिलिंग के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में आज दो जांच दलों द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में छापामार कार्रवाई करते हुए कुल 48 गैस सिलेंडर एवं संबंधित उपकरण जप्त किए गए।**



जिला आपूर्ति नियंत्रक श्री एम. एल. मारू ने बताया कि दल क्रमांक एक द्वारा अरविंदो हॉस्पिटल के पास स्थित दो प्रतिष्ठानों पर जांच की गई। संजरी लाइट हाउस गैस चूल्हा रिपेयरिंग सेंटर, संचालक मोहम्मद शादाब की दुकान पर अवैध रूप से घरेलू गैस सिलेंडरों की रिफिलिंग करते हुए पाया गया। दुकान से 05 नग घरेलू गैस सिलेंडर (14.2 किलोग्राम क्षमता), 19 नग 3 किलोग्राम के छोटे नॉन-स्टैण्डर्ड सिलेंडर, एक तौल कांटा, रिफिलिंग में प्रयुक्त पीतल बंसी (गैस रिफिल पाइप) जप्त किए गए। इसके अतिरिक्त एक अन्य प्रतिष्ठान से 07 नग घरेलू गैस सिलेंडर व्यावसायिक उपयोग में पाए जाने पर जब्त किए गए। दल क्रमांक 2 द्वारा एयरपोर्ट रोड, शिक्षक नगर एवं कालानी नगर क्षेत्र के तीन रेस्टोरेंट में छापामार कार्रवाई की गई। इन प्रतिष्ठानों में घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग करते हुए पाया गया। कार्रवाई के दौरान कुल 17 नग घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए गए।

# नेताप्रतिपक्ष ने साधा निगम परिषद पर निशाना

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** इंदौर नगर निगम की वर्तमान परिषद के कार्यकाल को तीन साल पूरे हो गए। इसे लेकर कांग्रेस पार्षद दल ने बुधवार को प्रेसवार्ता की। नगर निगम नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे ने वर्तमान नगर परिषद पर जमकर निशाना साधा और कई आरोप भी लगाए। प्रेसवार्ता में कांग्रेस के कई नेता मौजूद रहे।

नगर निगम नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे ने आरोप लगाते हुए कहा महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने अपने 3 साल के कार्यकाल के दौरान इंदौर नगर निगम को नवाचार में भ्रष्टाचार की राजधानी के रूप में तब्दील करने का काम किया है। ऐसा नहीं है कि भार्गव के आने के पहले नगर निगम में भ्रष्टाचार नहीं था, लेकिन भार्गव के कार्यकाल में यह भ्रष्टाचार चरम पर पहुंचा और शिष्टाचार के रूप में तब्दील हो गया। अब नगर निगम में भ्रष्टाचार करने वाले हर अधिकारी को यह भरोसा है कि वर्तमान परिषद के



कार्यकाल में उस पर कोई कार्रवाई नहीं होगी। इस भरोसे ने नगर निगम में भ्रष्टाचार को बढ़ाया है। आज हालात यह है कि नगर निगम में पैसा दिए बगैर एक भी काम नहीं होता है। डिजिटल इंडिया से डिजिटल इंदौर को जोड़ने की बात करने वाले महापौर डिजिटलाइजेशन में हो रहे करप्शन पर खामोश हो जाते हैं।

# ज्वेलरी शॉप पर युवक युवती ने चोरी की

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** हीरानगर क्षेत्र में एक युवक-युवती एक ज्वेलरी शॉप में चोरी कर फरार हो गए। दोनों आर्टिफिशियल ज्वेलरी खरीदने के बहाने दुकान पर आए थे। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



हीरानगर थाना पुलिस के अनुसार, सुखलिया स्थित सीडब्लू शालीमार बंगलों रोड निवासी आशी मोर्य ने शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि मंगलवार को वह अपनी मां संतोष मोर्य के साथ दुकान पर बैठे थे। करीब 11 बजे एक युवक और युवती दुकान में टिफिसियल बाली देखने के बहाने आए। कुछ देर तक जेवर पसंद करने के बाद दोनों वहां से चले गए। सामान चेक करने पर दुकान से चांदी की पायल से भरा डब्बा गायब मिला। जब दुकान का अन्य सामान चेक किया गया और सीसीटीवी फुटेज खंगाली गई, तो युवक और युवती की संदिग्ध हरकतें सामने आईं। फुटेज में युवक डब्बा चुपचाप अपने थैले में रखता हुआ नजर आया, जिसके बाद दोनों तेजी से दुकान से निकल गए। पीड़ित ने चोरी की घटना का वीडियो पुलिस को सौंप दिया है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है। जांच में सामने आया है कि यही युवक पहले भी एक अन्य महिला के साथ राजेन्द्र नगर क्षेत्र में एक ज्वेलर्स की दुकान से सोने के जेवर चोरी कर चुका है। उस मामले में राजेन्द्र नगर पुलिस भी उसकी तलाश कर रही है। हीरानगर में उसने दूसरी महिला के साथ वारदात को अंजाम दिया।

# रक्षाबंधन के कारण बढ़ी ट्रेनों में वेटिंग, बसों का किराया भी बढ़ा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। राखी के त्यौहार को देखते हुए इंदौर आने वाली रेलगाड़ियों में टिकट आसानी से नहीं मिल रहे हैं। उनमें वेटिंग बढ़ गई है। पुणे, मुंबई, दिल्ली की बसों का किराया भी आम दिनों से ज्यादा कर दिया गया है। यात्रियों की संख्या ज्यादा होने पर इस तरह के हालात बने है।**

मुंबई, पुणे, दिल्ली से आने वाली ट्रेनों में वेटिंग लिस्ट 100 के पार पहुंच चुकी है। रेलवे के मुताबिक, 8 अगस्त को मुंबई-इंदौर अवंतिका एक्सप्रेस में थर्ड एसी की वेटिंग 96 और स्लीपर की 121 है, जबकि पुणे-इंदौर ट्रेन में स्लीपर में 143 वेटिंग चल रही है। इंदौर से बाहर जाने वाली ट्रेनों



में आसानी से टिकट मिल रही है। त्यौहार के लिए लोग इंदौर ज्यादा लौट रहे है।

ट्रेनों में जगह नहीं होने की वजह से यात्री विकल्प के रुप में बसों में यात्रा कर रहे है, लेकिन निजी बस संचालकों ने मनमाने दाम वसूलना शुरू कर दिया है। मुंबई, पुणे से इंदौर आने वाली बसों का किराया सामान्य दिनों में एक हजार से 1200 रुपये तक होता है, लेकिन अब ढाई-तीन हजार रुपये तक पहुंच चुका है। राजस्थान रुट पर चलने वाली बसों में भी डेढ़ गुना किराया वसूला जा रहा है। पुणे और दिल्ली की ट्रेनों में ज्यादा भीड़ है। मुबंई के लिए स्पेशल ट्रेन चलने के कारण ज्यादा परेशानी नहीं आ रही है, लेकिन तेजस का ज्यादा किराया भी यात्रियों को अखर रहा है। बस,ट्रेन के अलावा इंदौर आने वाली फ्लाइटों का किराया भी बढ़ चुका है। 9 अगस्त को मुंबई-इंदौर की फ्लाइट का टिकट आठ हजार तक पहुंच चुका है,जबकि आम दिनों में चार से पांच हजार रुपये में टिकट मिल जाते है। पुणे, दिल्ली और बेंगलुरु की उड़ानों के टिकट भी सामान्य दिनों से ज्यादा हैं।

### 11 दिवसीय श्री हरिदर्शन शोभायात्रा एवं पदयात्रा महोत्सव प्रारंभ

# सांवरिया के जयकारों से गूंज उठा पश्चिमी क्षेत्र

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** श्री सांवरिया मित्र मण्डल पदयात्री संघ एवं श्री गोपाल सांवरिया गौ सेवा समिति 11 दिवसीय श्री हरिदर्शन शोभायात्रा एवं पदयात्रा महोत्सव की शुरूआत बड़ागणपति मंदिर पर विद्वान पंडितों के सान्निध्य में महाआरती के साथ हुई। महाआरती के पश्चात सांवरिया के भक्तों ने लड्डू गोपाल एवं सांवरिया सेठ की भव्य शोभायात्रा निकाली। जिसमें हजारों मातृशक्तियों के साथ बड़ी संख्या में राजस्थान सहित अन्य शहरों के भक्त शामिल हुए। 11 दिवसीय इन्दौर से सांवरिया की इस शोभायात्रा का यह 16वां वर्ष है।

श्री सांवरिया मित्र मण्डल पदयात्री संघ एवं शोभायात्रा आयोजक धनराज



कुमावत एवं पं. कमलेश शर्मा ने बताया कि प्रभातफेरी व पदयात्रा में 24 प्रभातफेरी के आयोजक भी शामिल हुए। राजस्थानी सुप्रसिद्ध बैंड पामणा का धमाका आकर्षण का केंद्र रहा। सुबह 9 बजे बड़ागणपति मंदिर से महाआरती कर यात्रा की शुरूआत की गई। शोभायात्रा में बैंड-बाजे, घोड़े-बग्घी, ढ़ोल-ताशों के साथ ही भगवान की वेशभूषा में राधा-कृष्ण, शिव-पार्वती, गणेश, हनुमान यात्रा में नृत्य की प्रस्तुति देते हुए चल रहे थे तो वहीं दुसरी तरफ 5 भगवान की झांकियां भी मार्ग में सभी आने जाने वाले राहगिरों का ध्यानाकर्षण कर रही थी। शोभायात्रा बड़ा गणपति मंदिर से प्रारंभ होकर जिंसी, ईमली बाजार, सदर बाजार होते हुए मरीमाता मंदिर पहुंची जहां इस यात्रा का समापन हुआ। समापन के पश्चात तीन हजार लोगों के लिए महाप्रसादी का आयोजन हुआ। शोभायात्रा के दौरान रोशन कुमावत, शंकर खुंखवाल, राधेश्याम मंडोवरा, मोहिता गुप्ता, गौरव कुंभकार, रत्नेश कुमावत, नारायण चोरमा, चेतन सांखला, रितेश कुमावत, सोम गुर्जर सहित हजारों की संख्या में सांवरिया के भक्त मौजूद थे। मरीमाता मंदिर से शुरू हुई पदयात्रा- बड़गणपति से मरीमाता तक शोभायात्रा के पश्चात 11 दिवसीय श्री हरिदर्शन पदयात्रा की शुरूआत हुई। इन्दौर से सांवरियाजी की 360 किलोमीटर की इस पदयात्रा में 121 भक्त रवाना हुए। जिसमें इन्दौर सहित राजस्थान के पदयात्री हैं।

## बीजेपी नेता के बेटे ने दी महिला वकील को धमकी

# फोन पर बोला- एसिड फिंकवा सकता हूं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर के बीजेपी नेता और मध्य प्रदेश अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व सदस्य कमाल खान का बेटा माज खान फिर विवादों में है। 27 जुलाई को ड्रग्स सप्लाई करते पकड़े गए माज खान पर महिला वकील ने एसिड अटैक की धमकी देने का आरोप लगाया है।**



27 जुलाई को माज खान के खिलाफ क्राइम ब्रांच के हेड कॉन्स्टेबल पर कार चढ़ाकर हत्या की कोशिश का मामला भी दर्ज किया गया था। इतना ही नहीं माज खान पर शहर के अन्य थानों में भी केस दर्ज हैं।पालदा निवासी एडवोकेट माधवी जाधव ने आजाद नगर पुलिस से इसकी शिकायत की है। एडवोकेट माधवी ने बताया कि माज खान ने जान से मारने और एसिड अटैक की धमकी दी है। मंगलवार को आजाद नगर थाने में शिकायत कर पुलिस से सुरक्षा की मांग की है। आजाद नगर टीआई तिलक करोले ने बताया कि एडवोकेट माधवी जाधव ने माज खान की शिकायत की है। हमने उनसे कुछ साक्ष्य मांगे हैं। साक्ष्य मिलने के बाद जांच कर केस दर्ज किया जाएगा।

तीन साल पहले एक युवती ने राजबाड़ा के एक व्यापारी के भतीजे पर रेप का केस दर्ज कराया था। इस केस में एडवोकेट माधवी जाधव रेप पीड़िता की ओर से पैरवी कर रही थीं। केस कोर्ट में विचाराधीन था, इस बीच रेप पीड़िता ने आरोपी व्यापारी से समझौता कर लिया। इसके बाद रेप पीड़िता के भाई पर एक अन्य युवती ने रेप का केस दर्ज करा दिया। इस केस में भी एडवोकेट माधवी जाधव ने रेप पीड़िता की पैरवी की। एडवोकेट जाधव ने आरोप लगाया कि इन दोनों केस के पीछे माज खान का ही हाथ था। उसे डर था कि दोनों केस में समझौता न हो जाए। इसलिए वह मेरी जगह दूसरी वकील चाह रहा था।

माधवी ने बताया कि माज खान ने 22 जुलाई को फोन लगाकर इस संबंध में मुझसे एनओसी चाही थी। 3 अगस्त को उनके सहयोगी वकील सुदर्शन शर्मा को कॉल किया और दोनों मामलों में NOC मांगी। जब फीस की बात की गई, तो माज खान ने अपशब्द कहे और हत्या की धमकी दी। उसने कहा कि तुम्हारा और साथ में काम करने वाले सभी वकीलों का डेटा मेरे पास है। माधवी को कह देना कि कभी भी उस पर एसिड फिकवा सकता हूं या जान से मरवा सकता हूं।

महिला वकील ने यह भी बताया कि माज खान पहले भी नगर निगम अधिकारियों और पुलिसकर्मियों को धमका चुका है। ऐसे में उन्हें अपनी जान का गंभीर खतरा है। माज खान ने करीब 10 दिन पहले क्राइम ब्रांच की टीम पर कार चढ़ाने की कोशिश की थी। कार की चपेट में क्राइम ब्रांच के प्रधान आरक्षक दीपक थापा आकर घायल हो गए थे। उन्होंने तुकोगंज थाने में माज के खिलाफ जान से मारने का केस दर्ज कराया था। 26 जुलाई को थापा आरक्षक कैलाश कुमार भंवर के साथ ड्यूटी पर थे। उन्हें मुखबिर ने बताया था कि माज खान संदिग्ध पदार्थ लेकर कार क्रमांक MP09-WB-0860 से जा रहा है। इस कार को रोकने की कोशिश की, तो माज ने ऊपर चढ़ाने का प्रयास किया। जिसमें उनकी बाइक गाड़ी के नीचे आ गई।

कोर्ट ने कहा

## एक माह में पेश हो अनवर कादरी

**नहीं पहुंचा तो संपत्ति कुर्क करने का नोटिस देंगे**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर की जिला कोर्ट ने लव जिहाद के लिए फंडिंग के आरोप में फरार पार्षद अनवर कादरी को पेश होने के लिए एक माह का समय दिया है। 5 अगस्त को उसकी बेटी आयशा की रिमांड अवधि खत्म होने पर उसे कोर्ट में पेश किया गया था। इस दौरान आयशा की 6 दिन के लिए रिमांड और बढ़ा दी है।**

कोर्ट कहा है कि अगर वह (अनवर कादरी) सामने नहीं आता है तो उसकी संपति कुर्क करने को लेकर नोटिस जारी किया जाएगा। दूसरी ओर, क्राइम ब्रांच के एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया का कहना है कि फरारी के दौरान पुलिस ने कादरी पर 15 हजार का इनाम घोषित किया है। पार्षद के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किया जा चुका है। कादरी को कोर्ट ने अभी फरार ही माना है, वह भगोड़ा नहीं है। एडवोकेट कृष्ण कुमार कुन्हारे का कहना है कि अनवर कादरी के पास पासपोर्ट नहीं है। ऐसे में संभव है कि वह विदेश नहीं भागा है। यही वजह है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उसे भगोड़ा घोषित करने का प्रावधान नहीं बनता है। देश के बाहर भी आरोपी की गिरफ्तारी की जा सकती है। आयशा दिल्ली में अपने पिता अनवर कादरी की सुप्रीम कोर्ट में अग्रिम जमानत को लेकर तैयारी कर रही थी। उसने दस्तावेज भी तैयार करा लिए थे, जिन पर अनवर के हस्ताक्षर हो गए थे। पुलिस को इसकी जानकारी मिली तो शंका हुई थी कि अनवर बेटी के पास दिल्ली में है और टीम वहां पहुंच गई। यहां से आयशा को गिरफ्तार कर लिया। अनवर भी उसके साथ था, लेकिन फरार हो गया।

## मुस्लिम छात्रों के नाम से आवंटित छात्रवृत्ति में बड़ा फर्जीवाड़ा उजागर

**27 शिक्षण संस्थान संदिग्ध, 5 पर एफआईआर**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। मुस्लिम छात्रों के नाम से आवंटित छात्रवृत्ति में चौंकाने वाली जानकारी सामने आई है। संचालक खंडहर और खाली मैदान को स्कूल व मदरसा बताकर लाखों रुपये की छात्रवृत्ति ले रहे थे। भौतिक सत्यापन के बाद अपराध शाखा ने फर्जीवाड़ा करने वाले संचालकों की तलाश शुरू कर दी है।**

इस मामले की सरकार को भी रिपोर्ट भेजी जा रही है। अपराध शाखा ने 17 जून को ही पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के सहायक संचालक अनिल कुमार सोनी की शिकायत पर केस दर्ज किया था। डीसीपी (अपराध) राजेश कुमार त्रिपाठी के मुताबिक, आरोपित संस्थान और संचालकों के बारे में छानबीन की तो पता चला कुछ जगहों पर



स्कूल और मदरसे ही नहीं हैं। पुष्टि के बाद पुलिस ने आरोपी आफताब खान के ठिकाने पर दबिश दी पर वह मोबाइल बंद कर फरार हो गया। आफताब का सब्जी मंडी खजराना में सेंट जेवियर कान्वेंट (डाइस कोड-23260103838) के नाम से स्कूल है और उसने 7 लाख से ज्यादा की छात्रवृत्ति ली थी। टीआई नीरज मेडा द्वारा सत्यापन करने उस जगह पर कुछ नहीं मिला। अनिल कुमार की शिकायत पर निरीक्षक माधवसिंह भदौरिया ने जांच की और केयर वेल स्कूल (डाइस कोड-23260101344) के संचालक मोहम्मद रफीक खान (बैकुंठधाम कालोनी), मदरसा साफिया (डाइस कोड-23260104265) की संचालिक शबनम शाह (हीना पैलेस खजराना), मदरसा उस्मानिया (डाइस कोड-23260100149) की संचालिका शहनाज खानम (चंदननगर), सेंट जेवियर कान्वेंट (डाइस कोड-23260103838) के संचालक आफताब खान (खजराना), सेंट जेआर डीआरडी मेमोरियल स्कूल (डाइस कोड-23260104238) के संचालक आफताब (सब्जीमंडी) के खिलाफ केस दर्ज किया। निरीक्षक के अनुसार कक्षा 9वीं और 10वीं के लिए अपात्र विद्यार्थियों को पोर्टल पर पंजीकृत कर स्वयं के लॉगिन से अग्रेषित कर फर्जीवाड़ा किया गया है। जांच में कुल 27 शिक्षण संस्थानों को संदिग्ध बताया गया है।

## जिले में मावे व मिठाई की गुणवत्ता पर रखी जा रही है कड़ी निगरानी

# 1.56 लाख रूपये मूल्य का मावा व मिल्क केक जब्त विभिन्न प्रतिष्ठानों से लिये गये 25 नमूने

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। कलेक्टर श्री आशीष सिंह के निर्देशन में एवं अपर कलेक्टर श्री गौरव बैनल के मार्गदर्शन में रक्षाबंधन पर्व को दृष्टिगत रखते हुए खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा जिले में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु लगातार विशेष अभियान चलाया जा रहा है। गुप्त सूचना के आधार पर एक वाहन से मावा के परिवहन की जानकारी मिलने पर खाद्य विभाग की टीम द्वारा प्रभावी कार्रवाई की गई। वाहन चालक भारत सिंह द्वारा बताया गया कि मावा निलेश पाटीदार (नवीन मिल्क प्रोडक्ट्स, देवास) का है। मौके से 40 किलोग्राम मावा एवं 480 किलोग्राम मिल्क केक



जब्त किया गया, जिसकी अनुमानित कीमत 1 लाख 56 हजार रूपये है। साथ ही मावा एवं मिल्क केक के नमूने लिए गए। इसी तरह खाद्य सुरक्षा प्रशासन टीम द्वारा शहर के विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों से नमूने संग्रहित किये गये। टीम द्वारा मौसा जलेबी भंडार, कालानी नगर, एयरपोर्ट रोड से गुपचुप मिठाई, जलेबी एवं रिफाइंड सोयाबीन (यूज्ड कुकिंग ऑइल) के कुल 03 नमूने लिए गए। शर्मा स्वीट्स एण्ड नमकीन, कनाड़िया रोड से मावा पेड़ा का 01 नमूना, अन्नड़ा रेस्टॉरेंट कनाड़िया रोड से मिल्क केक, ड्रायफ्रूट लड्डू व गुपचुप के कुल 03 नमूने, सरिता दूध दही भंडार, गोपाल डेरी, अमृत डेरी तथा चंचल डेरी से दूध, मावा व लड्डू के कुल 04 नमूने लिये गये। गत दिवस जप्त किए गए मावे के संदर्भ में आज तीन मावा विक्रेता प्रशासन के समक्ष उपस्थित हुए। रतनलाल मावा भंडार से 05 नमूने, हरिनारायण शर्मा मावा विक्रेता से 01 नमूना तथा न्यू शर्मा मावा भंडार से 06 नमूने लिये गये।

**सतर्क निगरानी लगातार जारी-** खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा निरीक्षण के दौरान यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि रक्षाबंधन पर्व पर आमजन को केवल शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य सामग्री ही उपलब्ध हो। आज कुल 25 नमूने जांच हेतु संग्रहित किए गए, जिन्हें राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, भोपाल भेजा जा रहा है। रिपोर्ट प्राप्त होने पर नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

# स्वाधीनता दिवस हमारी राष्ट्रीय अस्मिता का प्रतीक : मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

## जन-जन को जोड़ें आजादी पर्व से... आयोजन और प्रबंधन में कोई कमी न रहे...

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि स्वतंत्रता दिवस केवल एक पर्व नहीं, बल्कि यह हमारी राष्ट्रीय अस्मिता, स्वाभिमान और गौरव का प्रतीक है। यह अवसर हमें हमारे स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग, बलिदान और योगदान को स्मरण करने तथा उनके दिखाए मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है।**



मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को स्वतंत्रता दिवस समारोह-2025 के आयोजन से जुड़ी तैयारियों की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में तय किया गया कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रदेश की जनता के नाम संदेश का सभी जिलों में होने वाले जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में लाईव प्रसारण किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश की जनता के नाम संदेश का लाईव प्रसारण पूरा होने के बाद जिलास्तरीय कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अपने संबोधन में जिले में संचालित फ्लैगशिप योजनाओं, विकास कार्यक्रमों, जिले में आए निवेश, कृषि एवं सिंचाई के क्षेत्र में हुए विकास और अन्य उल्लेखनीय गतिविधियों के बारे में भी नागरिकों को जानकारी देंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देश दिए कि राज्य एवं जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन पूरे हर्ष उल्लास, गरिमा और जन सहभागिता के साथ हो। विशेष रूप से युवा वर्ग में देशभक्ति की भावना जागृत करने के उद्देश्य से सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाये। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राज्यस्तरीय समारोह स्थल पर बैठक व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था एवं यातायात प्रबंधन से जुड़ी तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने कहा कि समारोह में लोकतंत्र सेनानियों, दिव्यांगजनों, वरिष्ठ नागरिकों और महिलाओं के लिए विशेष सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश के सभी नागरिकों से अपील की कि वे स्वाधीनता दिवस समारोह में शामिल होकर देशभक्ति के संदेश का प्रसार करें। बैठक में उप मुख्यमंत्री एवं लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री राजेंद्र शुक्ल, नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, पंचायत और ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह, मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय नीरज मंडलोई, अपर मुख्य सचिव संजय कुमार शुक्ल, सचिव एवं आयुक्त जनसंपर्क डॉ. सुदाम खाड़े सहित अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में मंत्रीगण द्वारा राज्य एवं जिलास्तरीय स्वाधीनता दिवस समारोह में गरिमा के अनुरूप नवाचारों के संबंध में सुझाव भी दिए गए। अधिकारियों द्वारा समारोह के सुचारु आयोजन के लिए की जा रही व्यापक तैयारियों की सिलसिलेवार जानकारी दी गई।

## उज्जैन में कांग्रेसियों ने फूंक दिया स्मार्ट मीटर का पुतला, बताया शहरवासियों से लूट का जरिया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, एजेंसी।** मध्यप्रदेश में बिजली के निजीकरण और प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगाने के खिलाफ शहर कांग्रेस कमेटी व ग्रामीण कांग्रेस सेवादल ने प्रदर्शन कर ऊर्जा मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा और कांग्रेस कार्यकर्ताओं और बिजली उपभोक्ताओं ने स्मार्ट मीटर का पुतला दहन कर विरोध दर्ज कराया। इसके साथ ही सभी नेताओं ने एक स्वर में कहा कि स्मार्ट मीटर आम उपभोक्ता से लूट का जरिया बनेंगे, जिससे जनता का विश्वास बिजली कंपनी से उठता जा रहा है।

शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मुकेश भाटी एवं चैनसिंह चौधरी ने बताया कि मध्यप्रदेश विद्युत वितरण कंपनी वल्लभ नगर जोन कार्यालय में एक ज्ञापन सौंपा गया है। इसमें बताया कि बिजली संशोधन विधेयक 2022 के तहत प्रदेश भर में प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं, लेकिन उपभोक्ताओं को इसके बारे में पूर्ण जानकारी नहीं दी जा रही और उनकी सहमति के बिना जबरन मीटर लगाए जा रहे हैं, जो लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन है। कई स्थानों पर उपभोक्ताओं ने इसका विरोध किया, लेकिन फिर भी बिजली कंपनी मनमानी कर रही है। ज्ञापन में यह भी आरोप लगाया गया कि यह स्मार्ट मीटर सुनियोजित तरीके से आम जनता पर आर्थिक बोझ डालने के लिए लगाए जा रहे हैं। स्मार्ट मीटर के जरिए कंपनियां अलग-अलग समय में अलग-अलग टैरिफ प्लान लागू कर महंगी दर पर बिजली बेचेंगी। इसके अलावा,



बिजली का उपयोग पहले और भुगतान बाद में करने का जो उपभोक्ताओं का अधिकार है, उसे छीनने की कोशिश की जा रही है।

### यह की गई मांग और यह दी चेतावनी

ज्ञापन के माध्यम से कांग्रेस ने सरकार से मांग की कि स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया को तत्काल रोका जाए, बिजली के संपूर्ण निजीकरण पर रोक लगाई जाए और बिजली संशोधन विधेयक 2024 को रद्द किया जाए। हाल ही में बिजली दरों में की गई बढ़ोतरी को वापस लिया जाए, सुचारु रूप से कार्य कर रहे चालू मीटरों को बिना आवश्यकता बदला न जाए जैसा कि विद्युत नियामक आयोग के आदेश में भी स्पष्ट है, और जुलाई 2025 में जारी किए गए अवैधानिक व अधिक राशि वाले बिजली बिलों को संशोधित कर नियमानुसार किया जाए। शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मुकेश भाटी ने चेतावनी दी कि अगर सरकार ने जल्द ही उपभोक्ताओं की मांगों पर अमल नहीं किया तो प्रदेशव्यापी उग्र आंदोलन किया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान नेता प्रति प्रतिपक्ष रवि राय, माया त्रिवेदी, विवेक यादव, शहर संगठन मंत्री अजय राठौर, शहर महिला कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया ठाकुर, पार्षद सपना सांखला, प्रेमलता रामी, आदि ने संबोधित किया।

# मोटरयान कराधान विधेयक पारित टैक्स चोरी पर लगेगा 4 गुना जुर्माना

## बिना परमिट वाहन पर लगेगा 1000 प्रति सीट दंड

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मध्यप्रदेश विधानसभा में मंगलवार को मोटरयान कराधान (संशोधन) विधेयक-2025 पारित हो गया। परिवहन मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने यह विधेयक सदन में पेश किया, जिसे कांग्रेस के विरोध के बावजूद मंजूरी मिल गई।**

मंत्री ने कहा कि यह संशोधन परिवहन व्यवस्था में पारदर्शिता लाने, कर वसूली को सुदृढ़ करने और नियमों को सरल बनाने की दिशा में उठाया गया कदम है। विधेयक में मोटरयान कराधान अधिनियम, 1991 की धारा 13 में संशोधन करते हुए दो महत्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं। अब कर भुगतान में चूक करने पर 4% की



दर से पेनल्टी लगेगी, लेकिन यह अधिकतम चार गुना से अधिक नहीं होगी। अन्य राज्यों के पंजीकृत वाहनों के टैक्स चोरी पर भी अब चार गुना जुर्माना वसूला जाएगा। वहीं बिना परमिट या उसकी शर्तों के उल्लंघन पर 1000 प्रति सीट और मालवाहन की श्रेणी में बिना परमिट परमिट शर्त उल्लंघन की दशा में 1000 प्रति टन के हिसाब से दंड लगाया जाएगा। उदाहरण के तौर पर, 42 सीटर बस पर नियम उल्लंघन की स्थिति में 42,000 तक का दंड वसूला जा सकेगा। विधेयक पर कांग्रेस का विरोध भी सामने आया। विधायक भैरो सिंह बापू ने कहा कि पैनिक बटन और लोकेशन डिवाइस जैसी व्यवस्थाओं से वाहन मालिकों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ आ रहा है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि फिटनेस प्रमाण पत्र जैसी सेवाओं के लिए लोगों को बार-बार विभाग के चक्कर काटने पड़ते हैं, जिससे कई लोग अपने वाहन अन्य राज्यों में रजिस्टर करा रहे हैं। वहीं, कांग्रेस विधायक भंवर सिंह शेखावत ने कहा कि भ्रष्टाचार हो रहा है। इंदौर में अधिकारी नहीं बैठते। एजेंटों के भरोसे काम हो रहा है। विधायक सीताशरण शर्मा ने कहा कि हमारी उम्र के लोगों को लाइसेंस नहीं मिल पाते।

### छोटे मामलों में अब नहीं जाना होगा कोर्ट-कचहरी

मध्यप्रदेश सरकार ने आम लोगों, उद्यमियों और छोटे कारोबारियों को अनावश्यक कानूनी उलझनों से राहत देने के उद्देश्य से जन विश्वास (उपबंधों का संशोधन) विधेयक 2025 विधानसभा में प्रस्तुत किया, जिसे सदन में चर्चा के बाद पारित कर दिया गया। इस विधेयक के तहत 4 पुराने और अनुपयोगी कानूनों को समाप्त किया गया है, वहीं 16 कानूनों की 44 धाराओं को अपराध की श्रेणी से बाहर कर सामान्य आर्थिक दंड (पेनल्टी) में बदला गया है। एमएसएमई मंत्री चैतन्य काश्यप ने मंगलवार को विधेयक को विधानसभा में पेश किया और बुधवार को इस पर हुई चर्चा के दौरान बताया कि अब छोटी-मोटी त्रुटियों या अनजाने में हुए सिविल उल्लंघनों पर आम नागरिकों और व्यवसायियों को कोर्ट-कचहरी के चक्कर नहीं लगाने होंगे।

## सीएएफ कॉन्स्टेबल ने बैरक में फांसी लगाई

**मुरैना।** विशेष सशस्त्र बल (सीएएफ) के कॉन्स्टेबल ने बुधवार को बैरक में ही आत्महत्या कर ली। पांचवीं बटालियन में पदस्थ आरक्षक रविन्द्र शर्मा (48) ने कपड़े सुखाने के लोहे के तार से गमछा बांधकर फांसी लगाई। घटना के वक्त बैरक में कोई नहीं था। प्राथमिक जानकारी के मुताबिक, रविन्द्र शराब की लत से परेशान था। इससे पहले भी दो बार आत्महत्या की कोशिश कर चुका था। रविन्द्र शर्मा ग्वालियर जिले के डबरा तहसील में बरैड़ा गांव का रहने वाला था। 2003 में सीएएफ में भर्ती हुआ था।

## दलित युवती से गैंगरेप... पीड़िता का मुंह दबाकर जंगल में घसीटकर ले गए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सीधी, एजेंसी।** सीधी में दलित युवती से गैंगरेप का मामला सामने आया है। युवती अपने प्रेमी के साथ जंगल में घूमने और फोटो खिंचाने गई थी। यहां चार बदमाशों ने युवक पर हमला कर दिया। इसके बाद युवती से गैंगरेप किया। पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। एक फरार है। घटना चुरहट के जंगल की है। मंगलवार को वारदात के बाद पीड़िता रोती-बिलखती जंगल से बाहर गांव में आई। उसने भवन निर्माण का काम कर रहे लोगों से मदद मांगी और आपबीती सुनाई। सरपंच पति दलबीर सिंह को युवती ने बताया कि वह प्रेमी के साथ जंगल से बाहर आने के लिए नीचे उतर रही थी, तभी आरोपियों ने उसका मुंह दबा दिया और उसके प्रेमी के सिर पर डंडा मारा। वह जमीन पर गिर पड़ा। दो आरोपी पीड़िता को जंगल की ओर खींचकर ले गए, जबकि दो युवक प्रेमी को पकड़े रहे। पीड़िता ने बताया कि वह गिड़गिड़ाती रही। उसने आरोपियों के पैर भी पकड़े, लेकिन वे नहीं माने।

## संपादकीय

# भू-गर्भशास्त्री की चेतावनी को किया अनदेखा

पूरे देश ने टीवी चैनलों पर मंगलवार दोपहर करीब एक बजे उत्तरकाशी जिले के धराली कस्बे पर कुदरती कहर देखा। गंगोत्री धाम से करीब 23 किलोमीटर पहले स्थित एक खूबसूरत पड़ाव पल भर में जमींदोज हो गया। लोगों ने इससे पहले 13-14 मई 2013 की केदारनाथ त्रासदी और 7 फरवरी 2021 का चमोली जिले में ऋषिगंगा और धौली गंगा के अप्रत्याशित सैलाब की दर्दनाक तस्वीरें देखी थीं। तब से लेकर अब तक पहाड़ न जाने कितने छोटे-बड़े प्रकोप झेलता आया है। वक्त इस मायने में बहुत बेरहम होता है कि घावों को भले भर दे, मगर मौतों को भी भुला देता है। यह 'भुला देना' ही धराली जैसे कस्बों के लिए महंगा पड़ गया। आज से कई साल पहले जब मैं धराली गया था, तो गंगोत्री जाती सड़क के निचले छोर पर गिनती की दुकानें थीं और ऊपरी छोर पर बसा था, हरे-भरे खेतों से घिरा लकड़ी और पत्थर के खूबसूरत स्थापत्य वाले मकानों का यह गांव। तब धराली और आसपास के ऊंचाई वाले गांव सर्दियों में नीचे घाटी में बने अपने शीतकालीन बसेरों (बगडों) में शिफ्ट हो जाते थे। उन्हें इन बसेरों तक पहुंचाने के लिए उत्तरकाशी से आने वाली बस सिर्फ धराली तक का ही फेरा लगाती थी। यात्रा सीजन में हुई कमाई, कृषि उत्पाद और माल-असबाब के साथ गांवों के दर्जनों परिवार नीचे घाटियों में चले आते थे। वहीं हस्तशिल्प का उनका छिटपुट कारोबार और बच्चों का स्कूल हुआ करता था। आज सारा परिदृश्य बदल चुका है। मौसमी बदलाव के कारण 'बगड़ों' में जाने का चलन नहीं रहा। अन्न उपजाने वाले खेत कंक्रीट के बहुमंजिला होटलों और महंगे होम-स्टे में बदल चुके हैं। धराली एक टूरिस्ट डेस्टिनेशन बन चुका है और यहां होटलिंग से आजीविका चलाने वाली एक ठीक-ठाक आबादी बस चुकी है। सीजन में यहां 300 से लेकर 400 तक लोग हरदम बने रहते हैं। पास में ही हर्सिल और मुखबा गांव हैं। मुखबा गंगोत्री धाम का शीतकालीन प्रवास है। धराली के फैलाव और बसावट में जो सबसे बड़ी भूल लगातार होती रही, वह है इसके पास बहने वाले खीर गदेरे (छोटी नदी) का अतिक्रमण। इसके इर्दगिर्द पहले खेत थे, अब बहुमंजिला होटल/मकान हैं। उत्तराखंड में चप्पे-चप्पे पर नदियों और गदेरों के किनारे बसावट में नियम-कायदों का कोई मतलब नहीं रह गया है। सुप्रीम कोर्ट ने विभिन्न जनहित याचिकाओं में समय-समय पर गाइडलाइन जरूर दी है, मगर इन्हें ताक पर रखकर अनाप-शनाप निर्माण जैसे पहाड़ों में रिवाज हो चला है। मौसमी बदलावों के कारण ऊपरी हिमालय में ग्लेशियरों के गलन की बढ़ती गति और भूगर्भीय हलचलें बड़े पैमाने पर मलबा जुटा रही हैं। वहां बारिश और हिमस्खलन से अस्थायी झीलें बन रही हैं। बादल फटने और अतिवृष्टि जैसे प्रकोपों के दौरान मौका पाते ही सारा मलबा बाढ़ और भूस्खलन को साथ लेकर कई गुना ताकत से बहकर नीचे तबाही मचा डालता है। पुराने समय में लोगों को प्रकृति के साथ रहने और उसका मिजाज समझने का गहरा सलीका आता था लेकिन अब खासकर पहाड़ों में पर्यटन के बढ़ते रुझान ने नए तरह के दबाव पैदा किए हैं। भू-गर्भशास्त्री धराली को पहले से बारूद का ढेर बताते रहे हैं, लेकिन इन चेतावनियों को अनसुना कर सरकारें यहां पर्यटन संबंधी व्यापार का सपना संजोती आई हैं। अभी हाल में सुप्रीम कोर्ट ने हिमाचल प्रदेश में अनियंत्रित और अराजक पर्यटन को लेकर यहां तक कह डाला कि यदि यही हाल रहा तो हिमाचल देश के नक्शे से मिट जाएगा। अदालत ने वहां आई आपदाओं को प्राकृतिक नहीं, बल्कि मानव निर्मित बताया। सर्वोच्च अदालत 2013 में लगभग यही बातें उत्तराखंड के बारे में भी कह चुकी है। केदारनाथ की विनाशलीला के फौरन बाद 13 अगस्त 2013 को 'अलकनंदा हाइड्रो पावर प्रॉजेक्ट बनाम अनुज जोशी व अन्य' के केस में फैसला सुनाते हुए जस्टिस के. एस. राधाकृष्णन और जस्टिस दीपक मिश्रा ने उत्तराखंड के सूरत-ए-हाल के लिए जलविद्युत परियोजनाओं को जिम्मेदार ठहराया था जो कि अदालत के ही शब्दों मे 'बगैर किसी ठोस अध्ययन के आनन-फानन मंजूर की जा रही हैं।' केदारनाथ की त्रासदी पर पूरा देश एकजुट दिखा था। केंद्र सरकार, राज्य सरकारें, निजी घराने, समाचारपत्र समूह, सामाजिक संगठन समेत देश का हर तबका तन-मन-धन से सहायता को आगे आया था। तब सरकारें चाहतीं तो सहानुभूति के उस जज्बे को हिमालय और उसके पारिस्थितिक-तंत्र की चिंताओं से जोडक़र देख सकती थीं। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। दीर्घकालिक चिंताओं न सिर्फ सरकारें पुराने ढर्रे पर लौट आईं, बल्कि सीमांत पहाड़ों तक में पूंजीपतियों की घुसपैठ के रास्ते खुलते चले गए। हादसों के बावजूद हर बार सरकारें हिमालय की इकॉलजी के मद्देनजर भू-वैज्ञानिकों की दीर्घकालिक चिंताओं से आंखें मूंद लेती हैं। वे ऊपरी हिमालय में होने वाली हलचलों और उनके खतरों के गहन वैज्ञानिक विश्लेषणों में नहीं जाना चाहतीं। हिमालय के संरक्षण को नियोजन का केंद्र बिंदु बनाए बिना बात नहीं बनने वाली। धराली इस कड़ी में एक और नसीहत है।

isha



आपकी ऊर्जा और आपकी जागरूकता आपस में जुड़ी होती हैं। अगर आपकी ऊर्जा तीव्र है, तो आपकी जागरूकता स्वाभाविक रूप से बढ़ेगी और तेज होगी।

– जग्गी वासुदेव

## धर्म-कर्म

# रक्षाबंधन के दिन सुबह-सुबह कर लें ये उपाय जीवन में भाई-बहन को मिलेगी खूब तरक्की



रक्षाबंधन का त्योहार भाई और बहन के लिए विशेष होता है। इस दिन हर बहन अपने भाई के कलाई पर रक्षा सूत्र बांधती है और उनके जीवन में सुख-समृद्धि बने रहने की कामना करती है। वहीं, रक्षाबंधन पर भगवानों को राखी बांधने का भी विशेष महत्व होता है। अगर आप राखी बांधने के साथ-साथ इस खास अवसर पर सुबह के समय कुछ आसान उपाय कर लें, तो इससे भाई और बहन के जीवन में खुशहाली आ सकती है। साथ ही, जीवन में तरक्की, धन और सौभाग्य की प्राप्ति होती है। आइए विस्तार से जानें इन उपायों के बारे में...

### आर्थिक स्थिति मजबूत करने और धन में वृद्धि का उपाय

रक्षाबंधन पर भाई को राखी बांधने से पहले सुबह जल्दी उठकर स्नानादि करना चाहिए। इसके बाद, भगवान की विधि-पूर्वक पूजा करें और आरती की थाली में सभी राखी रखें। साथ ही, उसमें एक चांदी का सिक्का भी रख लें। अगर ऐसा संभव न हो तो आप एक रुपये का सिक्का भी रख सकती हैं। अब भगवान गणेश को राखी जरूर बांधें और सिक्के को मंदिर में रख दें। अगले दिन मंदिर में पूजा करके सिक्का को उठकर लाल कपड़े में बांधकर अपनी तिजोरी में रख लें। इससे जीवन से पैसों की समस्या दूर हो सकती है और धन में वृद्धि होती है।

### जीवन में तरक्की प्राप्त करने का उपाय

माना जाता है कि रक्षाबंधन पर सबसे पहले भगवान शिव का अभिषेक जरूर करना चाहिए। इससे बेहद शुभ फल की प्राप्ति होती है। इसके लिए आप दूध, दही, शहद, घी और शक्कर से महादेव का अभिषेक कर सकते हैं। इसके बाद, विधि-विधान से पूजा करके शिवजी को राखी भी जरूर बांधें। इस उपाय को करने से जातक को जीवन में तरक्की प्राप्त हो सकती है और भाई-बहनों के जीवन से हर प्रकार के कष्ट भी दूर होने लगते हैं।

### जीवन में सुख-शांति और समृद्धि के लिए करें यह उपाय

इसके लिए रक्षाबंधन के दिन सुबह उठकर स्नानादि करने के बाद साफ वस्त्र धारण करें और माता लक्ष्मी व गणेश जी की विधि पूर्वक पूजा करें। साथ ही, 108 बार 'ओम श्रीं ह्रीं श्रीं महालक्ष्म्यै नमः' मंत्र का जाप करें। साथ ही, 'ओम गण गणपतये नमः' मंत्र का भी 108 बार जाप करें। इस उपाय को करने से जातक को घर की समस्याओं से छुटकारा मिल सकता है और जीवन में सुख-शांति व समृद्धि बनी रहती है। इस उपाय को करने से माता लक्ष्मी की विशेष कृपा भी प्राप्त होती है।

### परिवार की रक्षा के लिए करें यह उपाय

रक्षाबंधन पर भाई-बहन और परिवार की रक्षा के लिए एक रेशमी वस्त्र में सरसों, केसर, सोना या एक रुपये का सिक्का, चंदन, अक्षत और दूर्वा बांध लपेट लें। अब कपड़े को रंगीन धागे या कलावे की मदद से बांध के अपने घर के किसी पवित्र स्थान जैसे मंदिर में रख दें। इसके लिए आप कलश की स्थापना करके उस पर पोटली को रख सकते हैं। इसके बाद, विधि-विधान से पूजा करें। इस उपाय को करने से परिवार में खुशियां बनी रहती हैं।

New Delhi

# गरीबी ऐसा करने पर मजबूर करती है, किस ‘अमानवीय’ प्रथा पर बोला सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** उच्चतम न्यायालय ने देश की आजादी के 78 साल बाद भी हाथ से खींचे जाने वाले रिक्शा के इस्तेमाल पर निराशा जताते हुए बुधवार को महाराष्ट्र सरकार को माथेरान में छह महीने के भीतर इस ‘अमानवीय’ प्रथा को बंद करने और इसकी जगह ई-रिक्शा चलाए जाने का निर्देश दिया। राज्य सरकार को निर्देश दिया गया कि वह माथेरान में स्थानीय लोगों को ई-रिक्शा किराए पर देने की संभावना तलाशे, जैसा कि गुजरात के अधिकारियों ने केवडिया में किया था।

प्रधान न्यायाधीश बी आर गवई, न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन और न्यायमूर्ति एन वी अंजारिया की पीठ ने कहा,



‘भारत जैसे विकासशील देश में ऐसी प्रथा की अनुमति देना, जो मानव की गरिमा की मूल अवधारणा के खिलाफ है, सामाजिक और आर्थिक न्याय के संवैधानिक वादों को कमतर करता है।’ इसके साथ ही पीठ ने माथेरान में हाथ से खींचे जाने वाले रिक्शा पर पूरी तरह से रोक लगाने का आदेश दिया। माथेरान एक पर्वतीय पर्यटन स्थल है जहां काफी संख्या में पर्यटक जाते हैं। गुजरात के केवडिया में सरदार पटेल की सबसे ऊंची प्रतिमा नर्मदा नदी के साधु बेट द्वीप पर स्थित है और अधिकारियों ने स्थानीय लोगों को ई-रिक्शा किराये पर दिए हैं। पीठ ने आजादी के 78 साल और संविधान लागू होने के 75 साल बाद भी हाथ से खींचे जाने वाले रिक्शा के इस्तेमाल की प्रथा की निंदा की और इसे ‘‘अमानवीय’’ करार दिया।

Uttarpradesh

## दादा ने नहीं दिलवाया स्मार्ट फोन तो भड़का पोता, लोहे की रॉड और ईंट से मारकर ले ली जान



**बस्ती, (एजेंसी)** आज की लग्जरी लाइफ की दुनिया में गैजेट के चलते इंसानी जिंदगी कितनी खतरनाक होती जा रही है, इसकी बानगी यूपी के बस्ती में देखने को मिली. बस्ती में एक ऐसा सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां पोते ने महज इसलिए अपने ही दादा की हत्या कर दी क्योंकि वह उसे स्मार्टफोन नहीं दिला पाए. फिलहाल पुलिस ने पोते को गिरफ्तार करके उसे जेल भेज दिया.

दरअसल, पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र के रेहरवा गांव में बीते 4 तारीख को रिटायर्ड फौजी रमापति पाण्डेय की निर्मम तरीके से हत्या कर दी गयी थी. इस जघन्य हत्याकांड के बाद इलाके में सनसनी फैल गई थी.जिसका आज बस्ती पुलिस ने खुलासा कर दिया है. इसमे कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं. हत्या में मृतक का नाबालिग पोता और उस का एक दोस्त शामिल थे . मोबाइल फोन न दिलाने पर पोते और उसके एक दोस्त दोनों ने मिलकर इस हत्याकांड को अंजाम दिया था. पोता अक्सर दादा को मोबाइल खरीदने के लिए पैसों की डिमांड करता था. बस इसी बात पर एक दिन दोनों में झगड़ा शुरू हो गया और इसी दौरान पोते ने लोहे के रॉड से और उस के दोस्त ने ईंट से मार कर दादा को मौत के घाट उतार दिया. बता दें रिटायर्ड फौजी रमापति पाण्डेय किराए के मकान में अपने पोते के साथ रहते थे. पैसों को लेकर अक्सर पोता उनके साथ मारपीट करता था.

Uttarpradesh

## यूपी पुलिस एनकाउंटर में पत्रकार राघवेंद्र बाजपेयी हत्याकांड के 2 शूटर ढेर, एक-एक लाख था इनाम



**सीतापुर, (एजेंसी)** यूपी में सीतापुर के पत्रकार राघवेंद्र बाजपेयी हत्याकांड में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पिसावां थाना क्षेत्र के हरदोई सीतापुर सीमा पर हुई मुठभेड़ में पुलिस ने दो शूटरों को मार गिराया है। राघवेंद्र बाजपेयी हत्याकांड में मारे गए शूटरों पर एक-एक लाख रुपये का इनाम था।आपको बता दें कि सीतापुर में आठ मार्च को हेमपुर ओवरब्रिज पर पत्रकार राघवेन्द्र बाजपेई की गोली मारकर हत्या हुई थी। मामले में कारदेव मंदिर के बाबा समेत दो आरोपियों को जेल भेजा जा चुका है।

Uttarakhand

## जिंदगी की उम्मीद...11 जवानों समेत 13 लोगों को किया रेस्क्यू, अब तक छह की मौत, 20 लापता

**उत्तरकाशी/देहरादून,(एजेंसी)** धराली गांव और हर्षिल स्थित सेना के कैंप में आए मलबे के दूसरे दिन बुधवार को तेजी से जिंदगियों की तलाश शुरू हो गई है। सेना, आईटीबीपी और एसडीआरएफ की टीमें हेलिकॉप्टर से खोज और बचाव कार्य में जुटी रहीं। इस दौरान दो शव मिले हैं, जिससे अब मृतकों की संख्या छह हो गई है। वहीं, हर्षिल में मलबे में फंसे 11 जवानों समेत 13 लोगों को रेस्क्यू कर लिया गया है। जिला प्रशासन के अनुसार सेना के 10 जवान समेत 20 लोग अभी भी लापता हैं, जिनकी तलाश जारी है। वहीं आशंका यह भी है कि यह संख्या और बढ़ सकती है।

उत्तरकाशी के धराली में बादल फटने से मची तबाही के बाद बुधवार दोपहर मौसम खुलने पर बचाव अभियान ने जोर पकड़ा। जिला प्रशासन के



अनुसार सेना के दो घायल जवानों को हेलिकॉप्टर से हायर सेंटर भेजा गया है। धराली के आठ स्थानीय युवक, नेपाली मूल के दो व्यक्ति और सेना के 10 जवान समेत 20 लोग अभी भी लापता हैं, जिनकी तलाश जारी है। वहीं, आशंका यह भी है कि यह संख्या और बढ़ सकती है।

धराली में आई आपदा के दूसरे दिन भी रास्ते भूस्खलन की वजह से जगह-जगह बंद थे। जिससे बचाव और राहत कार्य में बाधा आई।

खेल

# इंग्लैंड में शानदार प्रदर्शन का सिराज को हुआ फायदा, करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग पर पहुंचे

**दुबई,(एजेंसी)** भारतीय टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में शानदार प्रदर्शन का फायदा हुआ है और वह आईसीसी की नवीनतम टेस्ट रैंकिंग में करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग पर पहुंच गए हैं। सिराज ने पांचवें टेस्ट मैच में दमदार प्रदर्शन किया था जिससे वह गेंदबाजों की रैंकिंग में 15वें स्थान पर पहुंच गए हैं। सिराज के दम पर ही भारत ने आखिरी टेस्ट मैच छह रन से जीता था जिससे भारत सीरीज 2-2 से ड्रॉ करने में सफल रहा था।

सिराज ने पांचवें टेस्ट मैच में कुल नौ विकेट लिए थे जिससे वह 12 स्थान की उछाल के साथ 15वें नंबर पर पहुंच गए। इंग्लैंड को पांचवें टेस्ट मैच के आखिरी दिन मैच और सीरीज जीतने के लिए 35 रनों की जरूरत थी, जबकि भारत को सीरीज ड्रॉ कराने के लिए चार विकेट चाहिए थे। सिराज ने तब मोर्चा संभाला और तीन विकेट झटक कर इंग्लैंड को जीत हासिल करने से रोका। सिराज के टेस्ट करियर की इससे पहले सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग 16 थी जो उन्होंने इस साल जनवरी में हासिल की थी।

कार्यभार प्रबंध के कारण सीरीज के तीन मैच खेलने वाले तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह 889 अंकों के साथ रैंकिंग में शीर्ष पर मौजूद



हैं। प्रसिद्ध कृष्णा भी करियर के सर्वश्रेष्ठ 59वें रैंकिंग पर पहुंच गए हैं।

वहीं, बल्लेबाजों में भारतीय सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ओवल टेस्ट में शतक लगाने के कारण शीर्ष पांच में दोबारा शामिल हो गए हैं। यशस्वी ने तीन स्थान के सुधार के साथ पांचवें स्थान पर जगह बनाई। उनके अलावा एक अन्य बल्लेबाज जो शीर्ष 10 में शामिल हैं वो ऋषभ पंत हैं जो एक स्थान के नुकसान के साथ आठवें स्थान पर आ गए हैं। पंत चोट के कारण पांचवां टेस्ट मैच नहीं खेल सके थे।

इंग्लैंड के करिश्माई बल्लेबाज जो रूट शानदार प्रदर्शन के दम पर बल्लेबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर बने हुए हैं, जबकि शतक लगाने वाले हैरी ब्रूक दूसरे स्थान पर आ गए हैं। गेंदबाजों में इंग्लैंड के तेज गेंदबाद गस एटकिंसन और जोश टंग भी करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग पर पहुंच गए हैं। एटकिंसन पहली बार शीर्ष 10 में शामिल हुए हैं, जबकि टंग 14 स्थान के सुधार से 46वें स्थान पर आ गए हैं।

सिनेमा

## 6 दिनों के बाद मिली अंकिता लोखंडे की हाउस हेल्पर की लापता बेटी और उसकी सहेली, मुंबई पुलिस को दिया धन्यवाद



बिग बॉस फेम टीवी एक्ट्रेस अंकिता लोखंडे बीते दिनों अपनी हाउस हेल्पर की बेटी और उसकी सहेली के लापता होने की खबर को लेकर काफी सुर्खियों में रही थीं। अंकिता ने 2 अगस्त को खुद अपनी पोस्ट में दोनों लड़कियों की तस्वीर पोस्ट करते हुए उनके लापता होने की खबर शेयर की थी। ऐसे में अब एक अच्छी खबर सामने आ रही हैं। दोनों लड़कियां मिल गई हैं। ऐसे में अब एक्ट्रेस ने मुंबई पुलिस का आभार व्यक्त किया है। अंकित लोखंडे ने बुधवार को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर कर फैंस को जानकारी दी है कि 6 दिनों के बाद उनकी हाउस हेल्पर की बेटी और उसकी सहेली जो लापता हुई थी वो सही सलामत मिल गई है। पोस्ट में अंकिता ने लिखा, ‘अपडेटः लड़कियां सुरक्षित मिल गई हैं। हमें यह बताते हुए बहुत खुशी और राहत हो रही है कि सलोनी और नेहा सुरक्षित मिल गई हैं।’ अंकिता ने पोस्ट में आगे लिखा, ‘मुंबई पुलिस को इतनी जल्दी और इतने समर्पण के साथ कार्रवाई करने के लिए तहे दिल से धन्यवाद, आप वाकई बेस्ट हैं। और हर उस मुंबईवासी का शुक्रिया जिन्होंने शेयर किया और समर्थन किया... आपकी प्रार्थनाओं और मदद ने बहुत बड़ा बदलाव लाया। आभार व्यक्त करने के लिए शब्द कम हैं।’ अंकिता के इस पोस्ट पर फैंस




1. Shots fired at Sidhu Moosewala's statue in Haryana
2. India-US trade deal stalled as Trump wanted a headline-grabbing announcement: Report
3. Policeman tries to stop fight between 2 sons and father, they hack him to death in Tamil Nadu
4. Land near tunnel collapses on WB-Sikkim border amid heavy rainfall
5. Centre opposes lowering age of consent below 18, cites abuse risk
6. Chairs thrown at Karnataka event for not inviting Waqf board chief

# Donald Trump eyes 100% tariff on semiconductor import, to exempt Apple after $600 billion commitment

**NEW DEIHI, (Agency).** Donald Trump said he would impose a 100% tariff on imports that include semiconductors, though would exempt companies moving production back to the United States, as Apple Inc. CEO Tim Cook and the president announced a fresh $100 billion investment plan from the Oval Office.

"We're going to be putting a very large tariff on chips and semiconductors, but the good news for companies like Apple is, if you're building in the United States, or have committed to build, without question, committed to build in the United States, there will be no charge," Trump told reporters.

"So in other words, we'll be putting a tariff of approximately 100% on chips and semiconductors. But if you're building in the United States of America, there's no charge," Trump




said. "Even though you're building and you're not producing yet, in terms of the big numbers of jobs and all of things building, if you're building, there will be no charge."

The announcement amounts to a major victory for Apple and Cook, who have faced escalating threats from Trump's tariffs that threatened to ratchet up the cost of producing their signature phones and computers.

Apple's $100 billion US investment will include a new manufacturing program designed to bring more of Apple's production to the US. The company's American Manufacturing Program partners include glassmaker Corning Inc., Applied Materials Inc., Texas Instruments Inc. and others, the company said.

Corning will dedicate an entire factory in Kentucky to Apple glass production, increasing that company's workforce in the state by 50%, the iPhone maker said. Corning was already a supplier to Apple, making glass for the very first iPhone at the same factory.

# India, Russia now explore opportunities in rare earth, critical minerals

**NEW DEIHI, (Agency).** India and Russia are actively exploring opportunities in rare earth and critical minerals, as well as coal gasification and cooperation in aluminium and fertiliser sourcing, despite the US imposing punitive tariffs on Indian goods for doing business with Moscow.

Indi and Russian officials on Wednesday held the 11th session of the working group on modernisation and industrial cooperation in the Indian capital under the framework of the India-Russia Intergovernmental Commission on Trade, Economic, Scientific,



Technological and Cultural Cooperation, the commerce and industry ministry said in a statement.

The meeting reviewed the progress made since the 10th session and provided a platform to strengthen cooperation across key sectors, the statement said. "Discussions included updates from the sub-groups on modernisation, mining, fertilisers, and railway transport, as well as emerging areas of collaboration," it added.

Key focus areas included cooperation in aerospace science and technology, including the establishment of a modernised wind tunnel facility, production of small aircraft piston engines, and joint development in carbon fibre technology, additive manufacturing, and 3D printing, it said. "Both sides also explored opportunities in rare earth and critical minerals extraction, underground coal gasification, and creation of modern industrial infrastructure," it added. The session was co-chaired by department for promotion of industry and internal trade (DPIIT) secretary Amardeep Singh Bhatia and Russian deputy minister of industry and trade Alexey Gruzdev.

श्रीहरि
www.shreehari.org

"ज्योतिषीय/अनुष्ठानिक मार्गदर्शन"
"एक सलाहकार-एक शुभचिंतक"

www.babapandit.com

...हो सकता है मेरी एक सलाह आपकी समस्या/पीड़ा के समाधान में सहायक सिद्ध हो...

Pls visit and submit your query*
www.babapandit.com
🙏 "बाबापण्डित" 🙏
अनुष्ठानकर्ता-हरिकथा प्रेमी
www.babapandit.com

Pls Call for Appointment
7869526724 / 9303183100

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक